## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 23.07.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, जनसंदेश टाइम्स, राष्ट्रीय सहारा, परफेक्ट मिशन, तरुणमित्र न्यूज़,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला–दि0 23.07.2025

# संगीत और हेरिटेज पथ के ओवरहेड बिजली के तार होंगे भूमिगत

माई सिटी रिपोर्टर

**वाराणसी।** संगीत पथ और हेरिटेज पथ के ओवरहेड बिजली के तारों को भूमिगत किया जाएगा। मंगलवार को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में वीडीए सभागार में बैठक हुई।

परियोजना के तहत सेंट्रल जेल रोड स्थित संगीत पथ और विक्ट्री ब्रिज से जेएचवी मॉल के बीच विकसित किए जा रहे हेरिटेज पथ के बिजली के ओवरहेड लाइनों को भूमिगत करने की रणनीति बनाई गई।

बैठक में तय हुआ कि दोनों पथ का सर्वे कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर शनिवार को होने वाली बैठक में फैसला लिया जाएगा। नेहरू पार्क से वरुणा चौराहे तक (750 मीटर) तक डबल फीडर 11 केवी ओवरहेड लाइन, ओवरहेड एलटी केबल, भूमिगत 33 केवी केबल क्रॉसिंग, फुटपाथ साइड ट्रांसफॉर्मर है। जेल रोड तिराहा से शिवपुर जेल कॉलोनी तक (900 मीटर) तक डबल फीडर 11 केवी ओवरहेड लाइन, 11 केवी ओवरहेड क्रॉसिंग, ओवरहेड एलटी केबल, भूमिगत 33 केवी केबल क्रॉसिंग, फुटपाथ साइड ट्रांसफॉर्मर है। जेपी मेहता तिराहा से जेल रोड तिराहा तक (600 मीटर) तक डबल फीडर 11 केवी ओवरहेड लाइन, 11 केवी व 33 केवी ओवरहेड क्रॉसिंग, ओवरहेड एलटी केबल का काम होगा।

### दैनिक जागरण–दि0 23.07.2025

# गिलट बाजार से काल भैरव तक बनेगा संगीत पथ

## काशी की परंपरा को जीवंत रखने, महत्ता व आने वाली पीढ़ी को इतिहास बताने को लेकर वीडीए की पहल

जेपी पांडेय • जागरण

- मंडलायुक्त के निर्देश पर वाराणसी विकास प्राधिकरण सर्वे करने के साथ बना रहा प्रस्ताव
- सड़क किनारे पटरी पर वहीं बनेगा संगीत पथ जहां नहीं है जाम की समस्या



**750** मीटर डबल फीडर 11 केवी ओवरहेड लाइन के तार हटाए जाएंगे।

कुछ इसी तरह बनेगा संगीत पथ • जागरण

**वाराणसी:** संगीत-कला की नगरी काशी की परंपरा को जीवंत रखने, इसकी महत्ता व इतिहास से नई पीढ़ी को परिचित कराने के लिए वाराणसी विकास प्राधिकरण ने बड़ी पहल की। इसके तहत गिलट बाजार चौराहे से पुलिस लाइन चौराहा, चौकाघाट, लहुराबीर होते हुए काल भैरव मंदिर तक संगीत पथ बनाया जाएगा। वीडीए इस मार्ग का सर्वे करने के साथ स्थान चिह्नित करने में जुट गया है।

संगीत का बनारस घराना देश-दुनिया में ख्यात है। पं. कंठे महाराज, पं. किशन महाराज, पं. बिस्मिल्लाह खान, ठुमरी साम्राज्ञी गिरिजा देवी समेत संगीत की तीनों विधाओं की विभूतियों ने इसे निरंतर समृद्ध किया है। पिछले दिनों वाराणसी दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेंट्रल जेल रोड पर बना संगीत पथ देखने के बाद प्रमुख मार्गों और चौराहों को इसी रूप में विकसित करने का निर्देश दिया था। मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने वीडीए उपाध्यक्ष को इसकी योजना तैयार करने के लिए कहा है। इसमें उन्हीं स्थानों पर सड़क किनारे पटरी पर संगीत पथ विकसित किया जाएगा जहां जमीन पर्याप्त हो और जाम नहीं लगे।

श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण होने के साथ पर्यटकों की संख्या में कई गुना वृद्धि हो गई है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए वाराणसी विकास प्राधिकरण ने पहले चरण में फुलवरिया फोरलेन के सेंट्रल जेल रोड को चिह्नित करने के साथ करीब एक किलोमीटर में संगीत पथ बनाया।

अब सेंट्रल जेल तिराहे से वरुणा नदी तक, जेएचवी माल से करियप्पा मार्ग तक संगीत पथ बनाने का काम शुरू हो गया है।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हुए थे प्रभावित :** एयरपोर्ट संग इस मार्ग पर काफी संख्या में वीआइपी पर्यटक काशी विश्वनाथ मंदिर, काल भैरव मंदिर, गंगा आरती, गंगा घाट और नौका विहार करने आते हैं। संगीत पथ देखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काफी प्रभावित हुए थे। स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल उनके सामने खुशी में तबला बजाने लगे थे। विकास प्रधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग मुख्यमंत्री को योजना के बारे में बता रहे थे, तभी उन्होंने कहा कि प्रमुख मार्गों और चौराहों पर काशी की परंपरा दिखाई दे, ऐसे संगीत पथ बनाया जाए।



" सेंट्रल जेल रोड के बाद जेएचवी माल से करियप्पा मार्ग तक संगीत पथ बनाया जा रहा है। अब गिलट बाजार चौराहे से काल भैरव मंदिर तक संगीत पथ बनाया जाएगा। सर्वे के साथ स्थान चिह्नित कर प्रस्ताव बनाया जा रहा है। इसके बाद अन्य मार्गों को लिया जाएगा।

-पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वीडीए।

### यहां मिला स्थान

गिलट बाजार चौराहे का सुंदरीकरण कराने के साथ तहसील सदर, पुलिस लाइन चौराहा, जिला जेल से हुकुलगंज तिराहा, तेलियाबाग चौराहे से संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय गेट तक, मंडलीय अस्पताल कबीरचौरा के दोनों गेट के बीच, मैदागिन चौराहा, विशेश्वरगंज डाक घर तक।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## राष्ट्रीय सहारा–दि0 23.07.2025

### निर्माण कार्यों की प्रतिदिन करें मॉनीटरिंग : वीडीए सचिव

**वाराणसी।** वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में निर्माण अनुभाग के साथ मंगलवार को समीक्षा बैठक हुई। ट्रांसपोर्ट नगर सहित विभिन्न स्थलों पर चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। वीडीए सचिव ने महादेव नगर कॉलोनी (ब्लॉक-ए एवं ब्लॉक-बी), काशीराम आवासीय योजना, पत्रकारपुरम कॉलोनी, ऑफिसर्स कॉलोनी (खजुरी) आदि स्थलों पर हो रहे पार्क उच्चीकरण कार्यों का अपडेट लेते हुए चर्चा की। प्राधिकरण द्वारा संचालित अन्य प्रमुख परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई। वीडी सचिव ने सहायक अभियंताओं एवं अवर अभियंताओं को प्रतिदिन कार्यों की मॉनिटरिंग करने तथा अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता को सप्ताह में कम से कम एक बार स्थलीय निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। यह भी निर्देश दिया गया कि जो निर्माण कार्य पूर्ण हो गए हैं, उनकेभुगतान संबंधित ठेकेदारों को समय से किया जाए, ताकि कार्यदायी संस्थाओं का मनोबल बना रहे और भविष्य के कार्यों में गति बनी रहे।

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 23.07.2025

### वीडीए सचिव ने की निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा

**बैठक**

**जाना परियोजनाओं का हाल निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने का दिया निर्देश**



**वाराणसी।** वीडीए सचिव ने अधिकारियों संग मंगलवार को बैठक कर ट्रांसपोर्ट नगर सहित गतिमान निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने परियोजनाओं का हाल जाना और निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसको लेकर वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने पार्कों के उच्चीकरण कार्यों की जानकारी की। इस दौरान सचिव ने अधिकारियों के साथ महादेव नगर कालोनी (ब्लॉक-ए एवं ब्लॉक-बी), कांशीराम आवासीय योजना, पत्रकारपुरम कालोनी आफिसर्स कालोनी (खजुरी) आदि स्थलों पर हो रहे पार्क उच्चीकरण कार्यों की अद्यतन स्थिति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। वहीं प्राधिकरण द्वारा संचालित प्रो-पुअर, सारनाथ क्षेत्र में सोलर लाइट्स की स्थापना, अस्सी नदी के जीर्णोद्धार कार्य तथा घाटों पर रैम्प निर्माण के परियोजनाओं के प्रगति की भी समीक्षा भी की। उन्होंने सहायक अभियंताओं एवं अवर अभियंताओं को प्रतिदिन स्थल पर जाकर कार्य की निगरानी करने तथा अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता को सप्ताह में कम से कम एक बार स्थलीय निरीक्षण करने के साथ ही सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयसीमा के अनुरूप पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, जिन निर्माण कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है, उनके देय भुगतान संबंधित ठेकेदारों को समयबद्ध रूप से किया जाने को कहा। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता अजय पंवार, अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा सहित निर्माण अनुभाग के लोग उपस्थित रहे।

## परफेक्ट मिशन–दि0 23.07.2025

### वीडीए सचिव ने गतिमान निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कर जानी प्रगति



**परफेक्ट मिशन**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को प्राधिकरण कार्यालय में निर्माण अनुभाग के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में ट्रांसपोर्ट नगर सहित विभिन्न स्थलों पर चल रहे निर्माण कार्यों, विशेषत: पार्कों के उच्चीकरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।सचिव ने महादेव नगर कॉलोनी (ब्लॉक-ए एवं ब्लॉक-बी), काशीराम आवासीय योजना, पत्रकार पुरम कॉलोनी, ऑफिसर्स कॉलोनी (खजुरी) आदि स्थलों पर हो रहे पार्क उच्चीकरण कार्यों की अद्यतन स्थिति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

साथ ही प्राधिकरण द्वारा संचालित अन्य प्रमुख परियोजनाओं जैसे कि प्रो-पुअर, सारनाथ क्षेत्र में सोलर लाइट्स की स्थापना, अस्सी नदी के जीर्णोद्धार कार्य, तथा घाटों पर रैम्प निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। सचिव ने सभी सहायक अभियंताओं एवं अवर अभियंताओं को प्रतिदिन स्थल पर जाकर कार्य की निगरानी करने तथा अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता को सप्ताह में कम से कम एक बार स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयसीमा के अनुरूप पूर्ण किए जाएं।

इसके अतिरिक्त सचिव द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि जिन निर्माण कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है, उनके देय भुगतान संबंधित ठेकेदारों को समयबद्ध रूप से किया जाए, ताकि कार्यदायी संस्थाओं का मनोबल बना रहे और भविष्य के कार्यों में गति बनी रहे। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता अजय पंवार, अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा सहित निर्माण अनुभाग की समस्त टीम उपस्थित रही।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 23.07.2025

### सचिव डा. वेद प्रकाश ने की गतिमान निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा की अध्यक्षता में प्राधिकरण कार्यालय में निर्माण अनुभाग के साथ समीक्षा बैठक की गई। जिसमें ट्रांसपोर्ट नगर सहित विभिन्न स्थलों पर चल रहे निर्माण कार्यों, विशेषत: पार्कों के उच्चीकरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। सचिव द्वारा महादेव नगर कॉलोनी (ब्लॉक-ए एवं ब्लॉक-बी), काशीराम आवासीय योजना, पत्रकार पुरम कॉलोनी, ऑफिसर्स कॉलोनी (खजुरी) आदि स्थलों पर हो रहे पार्क उच्चीकरण कार्यों की अद्यतन स्थिति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही प्राधिकरण द्वारा संचालित अन्य प्रमुख परियोजनाओं जैसे कि प्रो-पुअर, सारनाथ क्षेत्र में सोलर लाइट्स की स्थापना, अस्सी नदी के जीर्णोद्धार कार्य, तथा घाटों पर रैम्प निर्माण के प्रगति की भी समीक्षा की गई।



**वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा अधीनस्थों संग समीक्षा बैठक करते हुए**

वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने सभी सहायक अभियंताओं एवं अवर अभियंताओं को प्रतिदिन स्थल पर जाकर कार्य की निगरानी करने तथा अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता को सप्ताह में कम से कम एक बार स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समयसीमा के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। सचिव द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि जिन निर्माण कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है, उनके देय भुगतान संबंधित ठेकेदारों को समयबद्ध रूप से किया जाए, ताकि कार्यदायी संस्थाओं का मनोबल बना रहे और भविष्य के कार्यों में गति बनी रहे। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता अजय पंवार, अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा सहित निर्माण अनुभाग की समस्त टीम उपस्थित रही।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 23.07.2025

# पांडेयपुर आवासीय योजना में रिक्त भूखण्डों का वीडीए उपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण



वीडीए वीसी पुलकित गर्ग निरीक्षण के दौरान अपर सचिव गुडाकेश शर्मा को निर्देश देते हुए

**तरूणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा प्राधिकरण की पांडेयपुर आवासीय योजना में स्थित रिक्त भूखण्डों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान वीडीए उपाध्यक्ष द्वारा अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा को निर्देशित किया गया कि संबंधित भूमि की वर्तमान स्थिति की जांच की जाए तथा विधिक प्रक्रिया से संबंधित सभी पहलुओं का परीक्षण किया जाए।